(गुरुवार)

राजस्थान-पत्रिका दि. 1-11-12

बीएसएनएल कर्मी क्रमिक भूख हड़ताल पर

R/P 1-11-12

■ आईटीएस अधिकारियों को हटाने की मांग

अजमेर. ज्वॉइंट एक्शन फोरम बीएसएनएल यूनियन्स एंड एसोसिएशन के राष्ट्रीय आह्वान पर बीएसएनएल अजमेर सर्किल के अधिकारी-कर्मचारी तीसरे दिन भी आगरागेट स्थित टेलीफोन एक्सचेंज गेट पर क्रमिक भूख हड़ताल बैठे। बुधवार को एस.के. शर्मा, ईश्वर, महेन्द्र सिंह, बी.बी. शर्मा, जमालुद्दीन, विजय निर्वाण, बुद्धा, दीपक कुमार, पुष्पा देवी तथा पन्ना देवी ने क्रमिक अनशन किया। कर्मचारियों ने आईटीएस अधिकारियों का डेपुटेशन निरस्त कर सभी को मूल विभाग में भेजने अथवा सभी समायोजित कर्मचारियों-अधिकारियों को वापस सरकारी सेवाओं में लेकर दोहरी एवं पक्षपातपूर्ण नीति को समाप्त करने की मांग की है।

दैनिक नवज्योति दि. 1-11-12

क्रमिक अनशन जारी

अजमेर। बीएसएनएल कर्मचारी एवं अधिकारी संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से अपनी मांगों को लेकर क्रमिक अनशन बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। आज एस.के. शर्मा, ईश्वर, महेन्द्र सिंह, वी.बी. शर्मा, जमालुदीन, विजय निर्वाण, बुद्धा चीता, दीपक कुमार, पुष्पा एवं पन्नादेवी अनशन पर बैठीं। D/N

दैनिक भास्कर दि. 1-11-12

दैनिक भास्कर अजमेर, गुरुवार, 1 नवंबर, 2012 7

बीएसएनएल कर्मचारियों की भूख हड़ताल जारी

अजमेर। बीएसएनएल कर्मचारियों की संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले क्रमिक भूख हड़ताल बुधवार को भी जारी रही। आगरा गेट एक्सचेंज के बाहर भूख हड़ताल पर बुधवार को क्रमिक भूख हड़ताल पर एसके शर्मा, ईश्वर, बीबी शर्मा, महेंद्र सिंह, जमालुद्दीन, विजय निर्वाण, बुद्धा चीता, दीपक कुमार, पुष्पा देवी एवं पन्ना देवी आदि शामिल हुए।

दैनिक पंजाब-केसरी दि. 1-11-12

बीएसएनएल कर्मियों का धरना जारी

पंजाब केसरी

अजमेर, (रोहिताश गुर्जर): भारत संचार निगम लि. में कार्यरत आईटीएस अधिकारियों को उनके मूल विभाग में भेजने अथवा बीएसएनएल में ही समायोजित करने की मांग को लेकर आंदोलनरत कर्मचारियों का धरना बुधवार को भी जारी रहा। धरने पर बैठने वाले कर्मचारी सुबह दस से पांच बजे तक की भूख हड़ताल कर रहे हैं। इनमें आज एस.के. शर्मा, मदन माथुर, ईश्वर, महेन्द्र सिंह, बी.बी. शर्मा, जमालुद्दीन, विजय निर्वाण, बुद्धा चीता, दीपक कुमार पुष्पा देवी और पन्ना देवी धरने पर बैठे।